# महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय, पिल्लूखेड़ा (जींद)

## Activity Report(Teej celebration)

Memo.no. 2052 Dated:- 08/08/24

आज दिनांक 7 अगस्त 2024 को महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा जींद में हरियाली तीज के उपलक्ष में प्राचार्या डॉक्टर रचना शर्मा के निर्देशन में कार्यकारी प्राचार्या श्रीमती सुरक्षा की अध्यक्षता में महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में तीज पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्राओं ने अपने हुनर का प्रदर्शन करते हुए खूबसूरत डांस की प्रस्तुति दी। कुछ बच्चों ने अपनी कलाकारी दिखाते हुए अपने सहपाठियों तथा कॉलेज की प्राध्यापिकाओं को मेहंदी लगाई ।इसके बाद सभी स्टाफ के सदस्यों व छात्राओं ने झूले झूल कर इस पावन पर्व का आनंद उठाया। श्रीमती सुरक्षा ने कहा कि भारतवर्ष त्योहारों का देश है। यहां प्रत्येक पर्व बड़े धूमधाम व खुशहाली के साथ मनाया जाता है। तीज का पर्व भी इन्हीं में से एक है।हरियाली तीज का पर्व हर साल सावन माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। इस दिन सुहागिन महिलाएं पति की लंबी उम्र की कामना के लिए व्रत करती है। अंत में श्रीमती सुरक्षा ने सभी बच्चों को इस पावन पर्व की बधाई दी तथा बच्चों ने पूरे हर्षोल्लास के साथ इस त्योहार को मनाया। Total Students – 50





उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सराहा।

### झूले झूलकर तीज का आनंद लिया

अलेवा। महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में बुधवार को हरियाली तीज के उपलक्ष्य में महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में कार्यक्रम हुआ। अध्यक्षता कार्यकारी प्राचार्य सुरक्षा ने की। इस मौके पर छात्राओं ने सहपाठियों व प्राध्यापिकाओं को मेहंदी लगाई। स्टाफ के सदस्यों व छात्राओं ने झूले झूलकर पर्व का आनंद उठाया। कार्यकारी प्राचार्या ने कहा कि भारतवर्ष त्योहारों का देश है। हरियाली तीज के दिन सुहागिन महिलाएं पति की लंबी उम्र की कामना के लिए व्रत करती हैं।

07/08/2024

8.8.24

Principal
Maharishi Jamadagni
प्राचार्या
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind) Hr.

## …जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा

## Activity Report


## Women Cell( First Aid Training)


## Date:- 20th -23th January 2025

महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा जींद में प्राचार्या डॉ रचना शर्मा के निर्देशन में कार्यकारी प्राचार्य डॉ रमेश कुमार की अध्यक्षता में महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में आज दिनांक 20/01/2025 से 4 दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा कार्यशाला का आयोजन किया गया।इस कार्यशाला में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में श्रीमान बिजेंद्र सिंह जी, यूथ रड क्रोस को बुलाया गया। महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका श्रीमती सुरक्षा जी ने श्रीमान बिजेंद्र सिंह जी का महाविद्यालय प्रांगण में पहुंचने पर उनका स्वागत किया।श्रीमती सुरक्षा ने अपने संबोधन में प्राथमिक चिकित्सा या फ़र्स्ट एड ट्रेनिंग का मतलब बताते हुए कहा कि किसी चोट या बीमारी के मामले में, चिकित्सक के आने से पहले किसी व्यक्ति को उचित सहायता देना होता हैं।यह प्रशिक्षण, किसी व्यक्ति को आपातकालीन स्थिति में सही तरीके से मदद करने के लिए तैयार करता है। श्री बिजेंद्र सिंह जी ने अपने संबोधन में बताया कि हर बार एक्सीडेंट होने पर या चोट लगने पर अस्पताल जाने की आवश्यकता नहीं होती, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि घायल व्यक्ति को दर्द या परेशानी नहीं हो रही। अगर एक बच्चा बुखार या चोट के कारण रो रहा है, तो इसका मतलब है कि उसे परेशानी हो रही है। सही तरह से पट्टी करने या ठंडी सिकाई करने से आप उस बच्चे की समस्या को कम कर सकते हैं। आप शांत रहकर बच्चे को भावनात्मक सहानुभूति भी दे सकते हैं, जिससे वह सुरक्षित महसूस करेगा और उसकी परेशानी भी कम होगी।अगर पीड़ित व्यक्ति को सही समय पर प्राथमिक चिकित्सा न दी जाए तो उसकी स्थिति अधिक बिगड़ सकती है। मदद का इंतज़ार करते समय आप उस व्यक्ति को प्राथमिक चिकित्सा देकर उसकी स्थिति बेहतर कर सकते हैं। अगर फर्स्ट ऐड बॉक्स उपलब्ध नहीं है, तो आप आपातकालीन स्थिति में घर में मौजूद अन्य चीज़ों का इस्तेमाल करना सीख सकते हैं।अगर आपको घायल व्यक्ति की स्थिति का

Seen
[signature]

सही आंकलन करना आता है, तो आप डॉक्टर को पीड़ित व्यक्ति की सही स्थिति के बारे में बता पाएंगे जिससे वक्त बचेगा।प्राथमिक चिकित्सा की सही जानकारी होने से आप घायल व्यक्ति की मदद करने के साथ-साथ अपनी भी सुरक्षा करेंगे ताकि घायल व्यक्ति के साथ आपको भी मदद की आवश्यकता न पड़े।अंत में महिला प्रकोष्ठ की प्राचार्य सुरक्षा जी ने बिजेंद्र सिंह जी धन्यवाद किया। इस मौके पर महिला प्रकोष्ठ के सभी साथी मौजूद रहे। Total students – 60





Sd/ 23/01/2025
Mrs Surksha
Convenor
Women cell

Seen
[signature]

Principal
Maharshi Jamadagni
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind) Hr.

# महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा

## Activity Report

## Women Cell( Yoga Training)

## Date:- 20th -25th , 27th January 2025

महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा जींद में प्राचार्या डॉ रचना शर्मा के निर्देशन में कार्यकारी प्राचार्य डॉ रमेश कुमार की अध्यक्षता में महिला प्रकोष्ठ व योगा क्लब के तत्वाधान में आज दिनांक 20/01/2025 से 7 दिवसीय योग कार्यशाला का आयोजन किया गया।इस कार्यशाला में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में श्रीमान रोहतास आर्य, योग गुरु, जी को बुलाया गया। महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका श्रीमती सुरक्षा जी ने श्रीमान रोहतास जी का महाविद्यालय प्रांगण में पहुंचने पर उनका स्वागत किया।श्रीमती सुरक्षा ने अपने संबोधन में छात्राओं को बताया कि योग हमारे लिए मानसिक व शारीरिक रूप से जरूरी है तथा हमें योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए।श्रीमान रोहतास जी ने गायत्री मंत्र से योगा की शुरुआत की। इसके बाद बच्चों को विभिन्न प्रकार के योग के बारे में समझाते हुए उनको उनसे होने वाले लाभों के बारे में बताया।उन्होंने सब छात्राओं को समझाया कि हमें अपने बड़े बुजुर्ग,माता-पिता,गुरुजनों का आदर व सम्मान करना चाहिए।योग कार्यशाला में बच्चों के साथ-साथ सभी प्राध्यापकों ने भी योग किया। उन्होंने अनुलोम विलोम व प्राणायाम के महत्व को भी बताया। उन्होंने बताया की शुरुआत मे हमें आसान आसन करने चाहिए।बाद में सूर्य नमस्कार,सर्वांगासन,चक्रासन आदि आसनों का अभ्यास करना चाहिए । हमें अपने चंचल मन को शांत रखना चाहिए। सात दिवसीय योग शिविर के अंतिम दिन(27/01/2025) k सभी छात्राओं में योग प्रतियोगिता करवाई गई तथा विजेता छात्राओं को इनाम स्वरूप एकेडमिक कैलेंडर भेट किया गया। तथा महाविद्यालय प्रांगण में हवन भी करवाया गया। हवन से वातावरण काफी शुद्ध एवं स्वच्छ हो गया तथा खुशबू पूरे महाविद्यालय प्रांगण में फैल गई। अंत में महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका सुरक्षा जी ने रोहतास आर्य, योग गुरु जी, का धन्यवाद किया। इस मौके

अंत में महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका सुरक्षा जी ने रोहतास आर्य, योग गुरु जी, का धन्यवाद किया। इस मौके पर महिला प्रकोष्ठ के सभी साथी मौजूद रहे। Total - 65 Students





Seen

27/01/2025
Convenor
Women Cell

Ravinder
Convenor
Yoga Club

Principal
Maharshi Jamadagni
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind) Hr.

Scanned with OKEN Scanner

# महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा

## Activity Report


## Women Cell( Various Competitions)

## Date:- 24th -25th January 2025

महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा जींद में दिनांक 24 और 25 जनवरी 2024 को प्राचार्या डॉ रचना शर्मा के निर्देशन में कार्यकारी प्राचार्य डॉ रमेश कुमार की अध्यक्षता में महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, निबंध लेखन ,पोस्टर मेकिंग ,कोलाज व रंगोली मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया ।इन प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य छात्राओं के अंदर छिपे हुए हुनर को बाहर निकलना है। महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका श्रीमती सुरक्षा ने बताया कि हरियाणा सरकार हर साल महिला प्रकोष्ठ के अंतर्गत छात्राओं की उन्नति के लिए हर कॉलेज को ग्रांट के रूप में राशि देती है। इस राशि का उपयोग वह छात्राओं की भलाई के लिए करते हैं। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका श्रीमती रविंद्र ,श्री रजत ,व श्री ग्रीन कुमार ने निभाई। बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका श्री ग्रीन कुमार, श्री संजय ,व श्री रजत ने निभाई। कोलाज मेकिंग में निर्णायक मंडल की भूमिका श्री संजीव, श्री ग्रीन व श्री संजय कुमार ने निभाई ।रंगोली में निर्णायक मंडल की भूमिका श्री रमेश कुमार, श्री ग्रीन व श्री संजय कुमार ने निभाई । निबंध लेखन प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका श्री रमेश ,श्री संजय व श्री रजत ने निभाई ।बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निशु बीए अंतिम वर्ष रोल नंबर 42, द्वितीय स्थान हर्षिता बीए अंतिम वर्ष रोल नंबर 150 तथा तीसरा स्थान रेनू बीकॉम द्वितीय वर्ष, रोल नंबर 1 को प्राप्त हुआ।पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में पहला स्थान प्रीति बीए द्वितीय वर्ष ,रोल नंबर 57, निशु बीए अंतिम वर्ष रोल नंबर 42 व तृतीय स्थान जन्नत बीए अंतिम वर्ष रोल नंबर 143 को प्राप्त हुआ। कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता में पहला स्थान सिमरन बीए द्वितीय वर्ष रोल नंबर 73, दूसरा स्थान नेहा बीए द्वितीय वर्ष रोल नंबर 24 तथा तीसरा स्थान निशु बीए अंतिम वर्ष रोल नंबर 42, दूसरा स्थान प्रीति बीए द्वितीय वर्ष ,रोल नंबर 57 तथा तृतीय स्थान रेनू ,बीकॉम सेकंड ईयर ,रोल नंबर 1 को प्राप्त हुआ। कार्यकारी प्राचार्य श्री रमेश कुमार ने विजेता छात्राओं को बधाई दी तथा उन्हें आगे होने वाली ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्ररित किया।इस मौके पर महिला प्रकोष्ठ के सभी साथी मौजूद रहे।

Total Students 50






Convener
Women cell
25/01/2025

Principal
Maharshi Jamadagni
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind) Hr.


Page No.
Date : / /200

# कार्यालय प्राचार्य, महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय , पिल्लूखेड़ा(जींद)

## Activity Report (Celebration of International Women's Day at CRSU

**Date :- 05-03-2025**

महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा जींद के प्रांगण में प्राचार्य श्री सत्यवान मलिक के निर्देशन में व कार्यकारी प्राचार्या श्रीमती बबीता पवार की अध्यक्षता में महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में सीआरएसयू जींद द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिन होने वाले सेमिनार में महाविद्यालय परिसर के 25 छात्राओं ने भाग लिया। इस सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में हरियाणा राज्य महिला आयोग चेयरपर्सन रेणु भाटिया जी को बुलाया गया था । उन्होंने अपने वक्तव्य में बताया कि महिलाओं की ताकत और सम्मान के प्रतीक के रूप में हर साल अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को 8 मार्च को पूरी दुनिया में मनाते है। यह दिन महिलाओं के अधिकारों, लैंगिक समानता और उनके सशक्तिकरण के प्रति जागरुकता फैलाने वाले दिन का प्रतीक है। आधुनिक समाज में महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, फिर भी वे कई चुनौतियां और भेदभाव का सामना कर रही हैं।नारी सशक्तिकरण का मतलब महिलाओं को उनके अधिकार, अवसर और समानता देना ताकि वे स्वतंत्र रूप से निर्णय ले सकें और समाज में अपनी पूर्ण क्षमता से भागीदारी दिखा सकें। महिलाओं का सशक्तिकरण शिक्षा, स्वास्थ्य, राजनीति, आर्थिक अवसरों और सामाजिक स्वतंत्रता से जुड़ा हुआ है। इसके बाद महाविद्यालय B.A द्वितीय वर्ष की दो छात्राएं प्रीति और काजल ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लिया तथा अपना होनहार प्रदर्शन करते हुए दोनों ने बहुत ही सुंदर पोस्टर बनाए।काजल बीए सेकंड ईयर की छात्रा को इस प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यकारी प्राचार्य श्रीमती बबीता पवार ने काजल को इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दिए तथा आगे भी ऐसी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। Total 25 Students







05/03/2025

In-Principal
Maharshi Jamadagni
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind) Hr.

# कार्यालय प्राचार्य, महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय , पिल्लूखेड़ा(जींद)

## Activity Report (International Women Day Celebration)

**Date :- 08-March-2025**

दिनांक 8 मार्च ,2025 को महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में प्राचार्य श्री सत्यवान मलिक के निर्देशन में तथा कार्यकारी प्राचार्या श्रीमती बबीता पवार की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार की शुरुआत में महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका श्रीमती सुरक्षा जी ने श्रीमती बबीता पवार, स्टाफ सदस्यों एवं सभी छात्राओं का स्वागत किया । उन्होंने आज के आधुनिक समाज में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी व कार्य क्षेत्र में बढ़ती भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यकारी प्राचार्या श्रीमती बबीता पवार जी ने महिला सशक्तिकरण के बारे में अपने विचार प्रकट किए। उन्होंने बताया कि प्राचीन समय में भारत में लैंगिक असमानता थी तथा पुरुष प्रधान समाज था। उस समय महिलाओं को परिवार और समाज के द्वारा कई कारणो से दबाया तथा उनके साथ कई प्रकार की हिंसा तथा भेदभाव किया जाता था। उन्होंने छात्राओं को महिला शक्ति के बारे में भी जागरूक किया। छात्रों ने भी महिला सशक्तिकरण पर बहुत सी कविताएं सुनाई। राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना कार्यकारी अधिकारी श्रीमती रविंद्र जी ने विभिन्न सफल महिलाओं के उदाहरण देकर छात्राओं को उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया उन्होंने सभी का कार्यक्रम के सफल आयोजन पर धन्यवाद किया। Total – 60 Students







08/03/2025

Principal
Maharshi Jamadagni
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind) Hr.